भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 3671

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 10 अगस्त, 2026

19 श्रावण,1948 (शक)

मोतीलाल बेगम महल और राय बहादुर किले का संरक्षण और जीर्णोद्धार

3671.**फग्गन सिंह कुलस्ते:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश के मंडला जिले के रामनगर स्थित मोतीलाल बेगम महल और राय बहादुर किले की जर्जर स्थिति का संज्ञान लिया है;

(ख) यदि हां, तो संरक्षण, रख-रखाव और जीर्णोद्धार के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या सरकार इन ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण और पर्यटन विकास हेतु इनके जीर्णोद्धार के लिए कोई विशेष योजना बना रही है; और

(घ) यदि हां, तो प्रस्तावित वित्तीय प्रावधानों, कार्यान्वयन एजेंसी और इसके पूरा होने की संभावित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति और पर्यटन मंत्री

(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख):भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य में 291 केंद्रीय संरक्षित स्मारक और स्थल हैं।इन सभी स्मारकों/स्थलों का परिरक्षण और अनुरक्षण, आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है।येसभी स्मारक भली-भांतिपरिरक्षित हैं।

मध्य प्रदेश के मंडला जिले के रामनगर में स्थित मोतीलाल बेगम महल और राय बहादुर किला भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार के अंतर्गतसंरक्षित स्मारक नहीं हैं।

तथापि, मध्य प्रदेश के मंडला जिले में 9 राज्य संरक्षित स्मारक हैं।इन स्मारकों की सूची **अनुबंध-I** में संलग्न है।

(ग) और (घ): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पासऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है, क्योंकि यह स्मारक केंद्रीयसंरक्षित स्मारक नहीं है।

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक10.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3671 के भाग (क) और (ख) के उत्तरमें संदर्भित अनुबंध

मध्य प्रदेश के मंडला जिले में अवस्थित राज्य संरक्षित स्मारकों की सूची

क्रम सं.	**स्मारक/स्थल**	**स्थान**
1	राय भगत की कोठी , रामनगर	बिछिया
2	गढ़ी राजा नरेंद्र शाह, चंदावरा	डिंडोरी
3	विष्णु मंदिर, रामनगर	बिछिया
4	गोंड राजा का महल और बावड़ी (बावली), सिमरिया	मंडला
5	सूर्य प्रतिमा (भैरव मंदिर), सेलवाड़ा	डिंडोरी
6	हृदय शाह की गढ़ी	बिछिया
7	मकबराबिजिया मंडल , मंडला	मंडला
8	मोती महल (राजमहल), रामनगर	बिछिया
9	कलंका बुर्ज (मंडला किला)	मंडला

*****